दिनांक : 02.07.2025 समय : 07.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच देशों की यात्रा पर हुए रवाना।
- विधायक हेमंत खंडेलवाल प्रदेश भाजपा के नये अध्यक्ष बनें।
- रोजगार–प्रोत्साहन योजना में अगले चार वर्षो में दिये जायेंगे एक लाख करोड़ रूपये, कहा केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने।
- प्रदेश में बारिश का दौर जारी, अगले दो दिनों तक रहेगा ऐसा ही मौसम।
-

**अब समाचार विस्तार से........**

**प्रधानमंत्री–दौरा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी घाना, ट्रीनिडाड और टोबेगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया के दौरे पर आज रवाना हो गए हैं। श्री मोदी आज दो दिन की यात्रा पर घाना पहुंचेगे। अपने रवानगी भाषण में श्री मोदी ने कहा कि घाना ग्लोबल साउथ में भारत का एक महत्वपूर्ण सहयोगी है और उसने अफ्रीकी संघ तथा पश्चिमी अफ्रीकी राष्ट्रों के आर्थिक समुदाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री ने निवेश, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, क्षमता निर्माण और विकास भागीदारी क्षेत्र में विचार–विमर्श और आदान–प्रदान को और प्रगाढ़ बनाने की दिशा में अधिक सहयोग की उम्मीद जताई। प्रधानमंत्री घाना की संसद को भी संबोधित करेंगे।

**भाजपा अध्यक्ष**

बैतूल से विधायक हेमंत खंडेलवाल को मध्य प्रदेश भाजपा का निर्विरोध नया प्रदेश अध्यक्ष चुन लिया गया। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित निर्वाचन समारोह में आज पार्टी के संगठन चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने इसकी औपचारिक घोषणा की। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव,केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर हेमंत खंडेलवाल ने मीडिया से चर्चा में कहा कि हमारी पार्टी में अनुशासन है और प्रदेश में भाजपा संगठन को मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जायेगा। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि श्री खंडेलवाल के नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त, संगठित तथा जनविश्वास से परिपूर्ण होगा।

**ओम बिरला–सम्मेलन**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कल हरियाणा के मानेसर में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। दो दिवसीय सम्मेलन का विषय है–संवैधानिक लोकतंत्र को मजबूत बनाने और राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका। सम्मेलन का उद्देश्य तेजी से शहरीकरण कर रहे देश में शहरी स्थानीय निकायों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करना है। इसका उद्देश्य लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करना, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना और समकालीन युग में शहरी शासन के लिए अभिनव दृष्टिकोणों की खोज करना और उन्हें उजागर करना भी है।

**प्रधानमंत्री मित्र पार्क**

केंद्र सरकार द्वारा धार की 2 हजार 158 एकड़ भूमि पर लगभग 2 हजार 50 करोड़ की लागत से विकसित हो रहे पीएम मित्र पार्क के लिए हाल ही में 773 करोड़ रुपए लागत के टेंडर जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार जिले में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री मित्र पार्क के प्रथम चरण में अधोसंरचना विकास की प्रक्रिया आरंभ होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह का आभार माना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल मध्यप्रदेश में कपड़ा उद्योग को नई गति प्रदान करेगी।

**जन सुनवाई**

प्रदेश की पिछड़े वर्ग की जातियों को केन्द्र की सूची में शामिल करने के संबंध में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग 4 जुलाई 2025 को भोपाल में जन सुनवाई करेगा। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर और आयोग के सदस्य भूवन भूषण कमल जनसुनवाई करेंगे।

**मांडविया ईएलआई**

केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत अगले चार वर्षों में कर्मचारियों और नियोक्ताओं को एक लाख करोड़ रुपये दिए जाएंगे। नई दिल्ली में आज मीडिया से बातचीत करते उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत जिस भी युवा को नई नौकरी मिली है, उसे साल में दो बार सात हजार पांच सौ रुपये दिए जाएंगे। श्री मांडविया ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के युवाओं को रोजगार सुनिश्चित करने के लिए पांच वर्षीय कार्यक्रम तैयार किया है।

**सहकारी आंदोलन**

सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने कहा है कि पारदर्शिता, ईमानदारी और नवाचार के जरिए सहकारी आंदोलन को मजबूत किया जा सकता है। वे आज भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष–2025 के उपलक्ष्य में सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के विभिन्न पहलुओं

पर राज्य स्तरीय सहकारी कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। श्री सारंग ने कहा कि सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए पैक्स का सुदृढ़ीकरण करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करने में पैक्स की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है।

**लोकपथ मोबाइल ऐप**

लोक निर्माण विभाग द्वारा विकसित लोकपथ मोबाइल ऐप ने एक वर्ष में सराहनीय उपलब्धि दर्ज की है। आज लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह द्वारा समीक्षा बैठक में ऐप के अब तक की सफलता, नागरिकों की भागीदारी और आगामी लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। लोकपथ ऐप की शुरुआत 2 जुलाई 2024 को विधानसभा परिसर में की गई थी। अब तक इस ऐप पर 7800 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 95 प्रतिशत से अधिक का त्वरित समाधान कर दिया गया है।

**विद्युत पारेषण व्यवस्था**

विंध्य क्षेत्र में विद्युत पारेषण व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण और विश्वसनीयता के लिए सतना जिले में स्थित 132 के.व्ही. सब स्टेशन नागौद को अब डबल एक्स्ट्रा हाईटेंशन सप्लाई से जोड़ा गया है। यह सब–स्टेशन अब वैकल्पिक व्यवस्था के साथ दोहरी आपूर्ति प्रणाली पर कार्य करेगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आज बताया कि इस नई व्यवस्था से देवेंद्रनगर, वसुधा, रहिकवाड़ा, नागौद, सिंहपुर, जसो, कटन और सलेहा क्षेत्र के 42 हजार से अधिक विद्युत उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

**पेंच नेशनल पार्क**

प्रदेश के छिंदवाड़ा और सिवनी जिले के बीच स्थित पेंच नेशनल पार्क का कोर एरिया पर्यटकों के लिये मानसून सत्र के चलते 30 जून से अगले तीन महीने तक बंद रहेगा। इस संबंध में पेंच टाईगर रिजर्व के अधिकारी का कहना है कि यह निर्णय पार्क में वन्य जीवों के संरक्षण और उनके प्राकृतिक आवास को बनाए रखने के लिए लिया जाता है। सिर्फ पर्यटकों के लिए बफर जोन में जंगल की खूबसूरती देखने का विकल्प खुला रहेगा। जिसमें कि वे सिर्फ जंगल और प्राकृतिक सौंदर्य देख सकेंगे।

**मौसम**

प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी है। मानसून से पूरे प्रदेश को कवर कर लिया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान भोपाल समेत कई संभागों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें उज्जैन, भोपाल, जबलपुर, रीवा और शहडोल संभागों में भारी बारिश हो सकती है। इंदौर, ग्वालियर संभागों के जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- कटनी के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में दो दिवसीय क्लस्टर स्तरीय इंस्पायर अवॉर्ड मानक विज्ञान प्रदर्शनी की आज शुरुआत हुई। जिससे बच्चों को आसपास की समस्याओं का समाधान नवाचारी सोच से करें। प्रदर्शनी के पहले दिन नगर के विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- सीहोर जिले में आगामी माह में विभिन्न त्योहारों को शान्ति पूर्वक मनाये जान के लिए शान्ति समिति की बैठक आगामी 03 जुलाई को जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में सायं 4.00 बजे आयोजित की गई है।
- शहडोल–रीवा राज्य मार्ग पर बाणसागर में सोन नदी पर बने पुल पर एक बार फिर आवागमन चालू हो गया है । बीते 10 जून को यह पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसके कारण इस पुल से आवागमन पूरी तरह से बंद कर दिया गया था।

-----------------------